# मां के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिले अधेड़ की हत्या, पुत्र गिरफ्तार

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवक ने अपनी मां के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिले अधेड़ की हत्या कर दी। युवक ने शनिवार रात अधेड़ को पीटा था और रविवार सुबह उसका शव गांव में मिला।

पूछताछ के बाद पुलिस ने सोमवार को बेटे को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में मानपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार को खेत में 45 वर्षीय तम्मा साहू का शव मिला। पुलिस ने जांच के बाद गांव के युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

आरोपी ने बताया कि वह गांव में मजदूरी करता था और अधिकतर समय घर से बाहर रहता था। शनिवार रात वह घर पहुंचा तो उसने तम्मा को अपनी मां के साथ कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। यह देख वह अपना आपा खो बैठा और दोनों में विवाद हुआ। युवक को भड़कता दे तम्मा वहां से भाग निकला। तो बेटा उसका पीछा करते हुए खेत तक पहुंचा। वहां उसने डंडे से तम्मा की पिटाई की और बेहोश की हालत में छोड़ आया। सुबह तम्मा का शव खेत से मिला।

थाना प्रभारी मुकेश मर्सकोले ने बताया कि पुलिस ने रविवार को ही गांव के चार से पांच



संदेहियों को हिरासत में लिया था। पूछताछ में महिला के बेटे का नाम सामने आया। जब उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

**चार साल पहले हुआ पिता का निधन** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करीब चार साल पहले युवक के पिता की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। युवक के पिता पेशे से किसान और मजदूर करते थे। जिससे उनके परिवार का गुजारा चलता था। आरोपी बेटा भी पिता के साथ खेती और मजदूरी का काम करता था। बेटा अभी गांव में मजूदरी का काम करता है।

**मां और तम्मा से भी हुआ था विवाद** पति की मौत के बाद गांव के तम्मा साहू का उसके घर आना-जाना शुरू हुआ है। इसको लेकर बेटे को पहले से ही शक था कि तम्मा और मां के बीच संबंध है। तम्मा का घर पर आकर मां से मिलना उसे पसंद नहीं था। इसको लेकर भी उसने अपनी मां से कहा था कि तम्मा को घर में नहीं आने दिया करो। इस बात से तम्मा और उसकी मां के बीच पहले भी विवाद हो चुका था। लेकिन इसके बाद भी तम्मा और युवकी की मां का मिलना जुलना बंद नहीं हुआ था।

# हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक

**शहडोल, देशबन्धु।** संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव द्वारा संभाग के हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक लेकर शैक्षणिक सत्र में शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्राचार्यों एवं शिक्षको को समय पर विद्यालय पहुंचने, इस हेतु अधीनस्थ संस्थाओं के नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों का समय प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक है। इस समय में प्राचार्य एवं शिक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। खाली समय में शिक्षकों में पुस्तक प?ने की रूचि जागृत की जावे, इस हेतु लाइब्रेरी की पुस्तकों का उपयोग किया जावे। श्री यादव द्वारा प्राचार्यों और विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि बारिश के समय किसी ऐसे जर्जर भवन में संस्था का संचालन नहीं किया जाये, जिसके ढहने की आशंका हो।

वर्षाकाल में बच्चों और शिक्षकों को पुल, पुलियों, रपटा आदि में ऊपर से पानी बहने की दशा मे पार नहीं करने की समझाईस दी जाए। उनके अभिभावकों को भी यह संदेश दिया जाए। ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए जिनके बारे मे शराब पीकर विद्यालय पहुंचने के संकेत रहे हैं, ऐसा पाए जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। विद्यालय में शिक्षकों की गतिविधियों और बच्चों विशेषकर छात्राओं के साथ उनके व्यवहार पर न?र रखी जाये जिससे विद्यालयों में कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो। जिले में कार्यरत विभागीय कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की सुनवाई हेतु 15 जुलाई के बाद जिला स्तर पर शिविर आयोजित किए जायेंगे।

जिले के विद्यालय में राष्टीय स्तर की प्रतियोगी परिक्षाओं जे.ई.ई./नीट आदि की तैयारी विद्यालय स्तर पर कराई जाएगी, इस हेतु विषय विशेषज्ञ शिक्षको की सूची उपलब्ध करावें ताकि कार्यशाला आयोजित कर शिक्षको को इस कार्य के लिए प्रेरित किया जा सके। शालाओं में शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराए जाने की कार्यवाही की जावे।

स्कॉलरशिप के लिए कक्षा 9 से 12वीं के विद्यार्थियों का सर्वप्रथम प्रोफाइल पंजीयन प्रवेश के समय ही कराया जावे। आकांक्षा योजना के लिए आवेदन किए जाने की तिथि बढाकर 9 जुलाई कर दी गई है, पात्र विद्यार्थियों के अधिक से अधिक आवेदन समय-सीमा में कराए जाने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, सहायक संचालक संजय पाण्डेय व जगदीश प्रसाद नापित कार्यालय संभागीय उपायुक्त तथा संस्थाओं के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सफारी बंद, 30 सितंबर तक कोर जोन में नहीं जा सकेंगे पर्यटक



**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 1 जुलाई से कोर जोन की टाइगर सफारी बंद कर दी गई है। यह व्यवस्था 30 सितंबर तक जारी रहेगी। खितौली, मगधी और ताला जोन में होने वाली सफारी को अस्थायी रूप से रोका गया है। टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पी के वर्मा के अनुसार यह निर्णय वन्य प्राणियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस दौरान जिप्सी और पर्यटकों की आवाजाही से वन्य जीवों को परेशानी ना हो, इसलिए यह कदम उठाया गया है। बारिश के मौसम में जंगल की सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और पुलियाओं से जुड़ी समस्याएं भी सामने आती हैं। इससे पर्यटकों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। हालांकि, टाइगर रिजर्व के दो बफर जोन में सफारी जारी रहेगी। वन विभाग बारिश के मौसम में जंगलों और वन्य प्राणियों पर विशेष निगरानी रखेगा। यह व्यवस्था वन्य जीवों के संरक्षण और पर्यटकों की सुरक्षा दोनों को सुनिश्चित करने के लिए की गई है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मगधी गेट में पर्यटक।

### सहायक संचालक को नहीं किया जा रहा रिलीज, आखिर कौन है संरक्षणदाता

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** शहडोल जिला एवं विकासखंडों में अमानक खाद बीज बिक्री को लेकर के लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसमें जन प्रतिनिधियों द्वारा उपसंचालक आरपी झरिया एवं सहायक संचालक रमेंद्र कुमार सिंह का स्थानांतरण शासन स्तर से कर दिया गया रमेंद्र कुमार सिंह जिनकी काफी शिकायतें उनका स्थानांतरण मुरैना के लिए किया गया मध्य प्रदेश शासन के कृषि मंत्रालय सचिव कृषि के हस्ताक्षर दिनांक 17 जून 2025 को सूची जारी की गई जिसमें रमेंद्र कुमार सिंह का स्थानांतरण शहडोल से मुरैना के लिए किया गया जो भार मुक्त न होकर जनप्रतिनिधियों से राजनीतिक दबाव दिलवा कर अभी भी शहडोल में बने हुए तथा खाद बीज व्यापारियों से अवैधानिक रूप से भरी भरकम राशि की वसूली की जा रही है जो दुकानदार पैसा नहीं देते उनकी खाद बीज की सामग्री जप्त कार्रवाई की जाती है जो पैसा देता है उसके यहां नमूना नहीं लिया जाता जो पैसा देता है उनको छोड़ दिया जाता सहायक संचालक कृषि पत्र क्रमांक 2063 दिनांक 30.6.2025 को भार मुक्ति संबंध में जानकारी चाहिए गई किंतु इसके बाद भी भार मुक्त नहीं हुआ शासन प्रशासन से जिले वासियों ने सहायक संचालक को तत्काल भार मुक्त करने की मांग की है।

**इनका कहना है-** कलेक्टर के आदेश पर रोका गया है उनको भी शीघ्र भारमुक्त किया जाएगा। संग्राम सिंह मरावी सहायक संचालक कृषि शहडोल।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई टीएल बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गत सोमवार को कलेक्टेऊ्ट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में लंबित शिकायतों के निराकरण में गत सप्ताह लापरवाही बरतने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही आगामी टीएल बैठक के पूर्व शिकायतों के शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 108 ग्रामों के सेचुरेशन से संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा भी लापरवाही बरतने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी वर्षाकाल के दौरान बाढ़ आपदा और अन्य अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए राहत और बचाव उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। चिन्हांकित शिविर स्थलों के अतिरिक्त कंट्रोल रूम को भी सक्रिय किया जाए। टीएल बैठक में शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा के दौरान कम प्रगति वाले विभागों को अपेक्षित कार्रवाई तथा नवीन शैक्षणिक सत्र में समय सीमा में समस्त पात्र विद्यार्थियों को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरत करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं के लिए आगामी चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ तथा सहज बनाने के उद्देश्य से दिव्यांगजनों की वांछित जानकारी अपडेट करने, समय सीमा में खाद्यान्न उठाव व वितरण की कार्रवाई संपादित कराने तथा शासकीय सेवकों की पदोन्नति प्रक्रिया के संबंध में गोपनीय चरित्रावली संबंधी कार्रवाई एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। टीएल बैठक में वर्षाकाल के दौरान नालों की सफाई, जर्जर भवनों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सहित सर्पदंश व आकाशीय बिजली गिरने से जीवन रक्षा के लिए जागरूकता गतिविधियां संपादित करने के निर्देश भी दिए गए।

# सड़क मरम्मत के मलबे से टकराई बाइक, मौत

## गोदाम से घर आ रहे थे एफसीआई कर्मचारी

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के चंदिया थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर एक दुर्घटना में एफसीआई कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान पथरहठा निवासी 38 वर्षीय संजय सोनी के रूप में हुई है।

घटना देवरा के पास हुई, जहां सड़क मरम्मत का कार्य चल रहा था। संजय सोनी एफसीआई गोदाम बिसहनी से अपने घर लौट रहे थे। मरम्मत वाले हिस्से में रखे गिट्टी और मलबे में उनकी बाइक (MP 54 M 5311) अनियंत्रित होकर टकरा गई।

सोमवार रात को परिजनों को घटना की सूचना मिली। चंदिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



संजय का अंतिम संस्कार उनके गांव पथरहठा में किया गया।

एनएच 43 के विभिन्न हिस्सों में चल रहे मरम्मत कार्य के कारण सड़क की खुदाई की गई है। इन क्षेत्रों में एक ही तरफ से वाहनों का आवागमन होता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

# उमरिया में जीतू पटवारी पर झूठी एफआईआर का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया में आदिवासी कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कई जिलों में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों का विरोध किया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज झूठी एफआईआर के विरो

खातेगांव में बरसात के मौसम में आदिवासी परिवारों को बेदखल किया गया। बुरहानपुर में आदिवासी वर्ग के पट्टे निरस्त कर बंद भूमि से निकाला गया। सिंगरौली में आदिवासियों के घरों को तोड़ा गया। मंडला में नक्सलवाद के नाम पर निर्दोष आदिवासियों की हत्या की गई। डिंडौरी के उमरिया में वन विभाग ने बरसात में आदिवासियों के घर तोड़कर उन्हें बेघर कर दिया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि 27 जून को मुंगावली थाने में पटवारी पर एफआईआर दर्ज की गई। 25 जून को अशोकनगर के दो पीड़ित भाई गजराज और रघुराज लोधी ने ओरछा दौरे पर पटवारी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि गांव के दबंग सरपंच पुत्र विकास और उसके साथियों ने उनसे मारपीट की और बाइक छीन ली। पटवारी ने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए यह वीडियो सार्वजनिक किया था।

अजय सिंह ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन ने पीड़ितों को धमकाकर शपथ पत्र दिलवाया।

# शहडोल में अब तक 150.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**शहडोल, देशबन्धु।** अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 30 जून को जिले में कुल 0.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 0 मिमी., बुड़ार में 0 मिमी., गोहपारू में 0 मि.मी., जैतपुर में 0 मिमी, चन्नौड़ी में 0 मिमी., ब्यौहारी में 0.0 मिमी, जयसिंहनगर में 4.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।



जिले में 01 जून 2025 से अब तक वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 116 मिमी., बुड़ार में 104 मिमी., गोहपारू में 114 मि.मी., जैतपुर में 253 मिमी, चन्नौ?ी में 217 मिमी., ब्यौहारी में 112 मिमी, जयसिंहनगर में 143 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अब तक औसत वर्षा 150.7 मिमी. दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 118.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

# दिव्य मुस्कान महिला क्लब में वाटर कूलर का लोकार्पण

**शहडोल, देशबन्धु।** शहर के प्राचीन हनुमान मंदिर में दिव्य मुस्कान महिला क्लब की अध्यक्ष निभा गुप्ता, संरक्षिका मंजू गुप्ता एवं सदस्य बहनों द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया।

क्लब द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में आने वाले भक्तों की आवश्यकता को महसूस कर जनहित में क्लब ने निर्णय लिया कि इस मंदिर परिसर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

क्लब की अध्यक्ष निभा गुप्ता और उनकी सभी सदस्य साथियों ने सुंदरकांड का पाठ भी किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा की गौरवपूर्ण उपस्थिति रही।



संस्था की संरक्षिका मंजू गुप्ता, सदस्य पूनम जैन, प्रीति गुप्ता, राखी कटारे, रंजना गुप्ता, अंजू चौदहा, अलका गुप्ता, अंजना पिपरसानिया, पुष्पा पिपरसानिया, रत्ना गुप्ता, प्रेमलता जायसवाल, सुनीता गुप्ता, ममता नेमा, शशि गुप्ता, अंजलि बाजपेयी, मोनिका गुप्ता, रुचि गुप्ता, निर्मल बग्गा, भारती गुप्ता, जगजीत बग्गा, अनुपमा गुप्ता, दीपा गौतम, रेखा गुप्ता, पुष्पा सिंह, रुचि गुप्ता, दिव्या कटारे, माया सोनी और रितु गुप्ता भी इस मौके पर उपस्थित रहीं।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने डॉक्टरों को किया सलाम

**सिंगरौली, देशबन्धु।** विंध्याचल में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र के सेवाभावी योद्धाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भावनात्मक और हर्षोल्लास से भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना के प्रशासनिक भवन स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में कर्मचारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने चिकित्सा पेशे से जुड़े डॉक्टरों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजीब कुमार साहा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर श्री डी.के. अग्रवाल (महाप्रबंधक, संविदा एवं सामग्री), श्री राजशेखर पाला (महाप्रबंधक, प्रचालन), श्री ए.जे. राजकुमार (महाप्रबंधक, अनुरक्षण एवं एडीएम), श्री मणिक्यन सुरेश (महाप्रबंधक, अनुरक्षण एवं एडीएम), श्री दीपु ए. (महाप्रबंधक, स्टोर), श्री देबब्रत त्रिपाठी (महाप्रबंधक, तकनीकी सेवाएँ), डॉ. प्रतिमा महेन्द्रा (वरिष्ठ विशेषज्ञ, विंध्य अस्पताल) एवं श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की बैठक आयोजित

**शहडोल, देशबन्धु।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की औपचारिक मीटिंग और थैंक्स गिविंग कार्यक्रम के साथ रोटरी क्लब शहडोल के सत्र 2024-25 का गत दिवस हुआ समापन।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अखिल मिश्र के निदेशानुसार रोटरी क्लब जबलपुर से ऑफिसियल विजिट पर पधारे असिस्टेंट गवर्नर रोटे राकेश खंडेलवाल एवं पूर्व अध्यक्ष रोटे राजेश साहू ने रोटरी क्लब शहडोल के साथ हुई बैठक में क्लब के द्वारा वर्ष भर किये गए कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की।क्लब के वर्तमान अध्यक्ष रोटे संजय शर्मा ने विस्तृत रूप से शहर में किये गए क्लब की सभी गतिविधियों एवं उपलब्धियों से उन्हें अवगत कराया।



क्लब के अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव सत्येंद्र सोनी एवं कोषाध्यक्ष डॉ दीपक कुशवाहा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में वर्ष भर अपना विशेष सहयोग एवं योगदान देने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# नए कानून की पहली वर्षगांठ पर मझौली थाने में बैठक आयोजित

## अधिवक्ताओं की उपस्थिति में बदली गई धाराओं बीएनएस पर हुई विस्तार से चर्चा



**मझौली, देशबन्धु।** नए कानून बी एन एस को लागू हुए एक वर्ष पूर्ण होने पर नवीन कानून के वर्षगांठ पर जन जागरूकता तथा धाराओं जानकारी देने के उद्देश्य से मझौली थाने में बैठक आयोजित की गई। बताते चलें कि नए समाधान सहित बदली गई कानूनी धाराओं के एक वर्ष पूर्ण होने पर मझौली नवीन थाना प्रभारी विशाल शर्मा द्वारा मझौली थाना परिषर में वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक आहुत की गई जिसमे भारती न्याय संहिता (बी एन एस)2023,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बी एन एस एस)2023व भारतीय साक्ष्य संहिता (बी एस एस)2023के सम्बन्ध में कानूनी जानकारों के समक्ष चर्चा की गई। नवागत थाना प्रभारी श्री शर्मा द्वारा बताया गया बदले गए कानून के तहत नागरिक बिना किसी देरी के किए गए शिकायत की एक प्रति बिना किसी शुल्क के थाने से प्राप्त कर सकता है एवं 90 दिनों के भीतर पुलिस द्वारा जाँच की प्रगति के बारे में पीड़ित को जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य है,पीड़ित की मेडिकल जाँच उसकी सहमति से अपराध की सूचना मिलने के 24 घण्टे के भीतर की जाएगी बी एन एस की धारा 184(6) के तहत मेडिकल रिपोर्ट चिकित्सक द्वारा 7 दिनों में देना अनिवार्य है,नागरिको को मौखिक अथवा इलेक्ट्रानिक संचार(ई एफ आई आर)बिना उस क्षेत्र पर विचार किए जहां अपराध किया है एफ आई आर दर्ज करने का अधिकार दिया गया है,पीड़ित नागरिको को मुप्त चिकित्सा उपचार और मुवावजे का अधिकार के साथ गवाह संरक्षण योजना का प्रावधान किया गया है,अभियोजन पक्ष की सहायता के लिए अपना स्वयं का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार है,अभियोजन से हटने के लिए सहमति देने से पहले न्यायालयों को पीड़ित की बात सुनने का अधिकार दिया गया है,गवाहों को धमकाने एवं भय से बचाने की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता को स्वीकार करते हुए गवाह संरक्षण योजना की शुरुआत की गई है वहीं थाना प्रभारी द्वारा सोसल मीडिया के माध्यम से बढ़ रहे क्राइम को लेकर उससे बचने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। अधिवक्ताओं में एड.महेंद्र सिंह,सुधींद्र शुक्ला, रमेश शर्मा, जिला सहायक अभियोजना अधिकारी रामराज सिंह, शंखधर द्विवेदी व श्यामकार्तिक पांडेय द्वारा अपने-अपने तर्कों के माध्यम से नए कानून पर चर्चा की गई अन्य उपस्थित लोगों में प्रवीण तिवारी भाजपा मण्डल अध्यक्ष,लवकेश सिंह, जगतभान यादव,अखिलेश पाण्डेय, अखिलेश द्विवेदी,अरुण सिंह,अशोक सिंह, कमलेश रजक, रामभूषण तिवारी, शुन्दरलाल सिंह, रामजी कोल सहित नजदीकी ग्राम पंचायतों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आरसेटी में नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 जुलाई से

**पन्ना, देशबन्धु।** भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में आगामी 11 जुलाई से 9 अगस्त तक 30 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पुरूष आवेदक सेलफोन रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग तथा मोटर साईकिल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इस आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संस्था में प्रशिक्षणार्थियों के रहने, भोजन व नाश्ता इत्यादि की व्यवस्था भी नि:शुल्क की जाएगी। संस्थान के निदेशक ने बताया कि पन्ना जिले के निवासी व ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक आवेदक आगामी 11 जुलाई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं।